आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–09 जून 2024 सान्ध्य समाचार

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी अब से थोड़ी देर बाद लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन में नई मंत्रीपरिषद् को भी आज पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। शपथग्रहण समारोह शाम सवा सात बजे से होगा। राष्ट्रपति ने श्री मोदी को सरकार गठन के लिए आमंत्रित किया था।

शुक्रवार को, श्री मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर सरकार गठन का दावा पेश किया था। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन –एनडीए के शिष्टमंडल ने राष्ट्रपति से मुलाकात कर श्री मोदी को भाजपा संसदीय दल का नेता चुने जाने संबंधी पत्र सौंपा था। एनडीए के घटक दलों के समर्थन–पत्र भी राष्ट्रपति को सौंपे गए थे।

श्री नरेन्द्र मोदी ने आज शपथ–ग्रहण से पूर्व, अपने दिल्ली आवास पर चाय पर चर्चा का आयोजन किया। इसमें भारतीय जनता पार्टी के नेता अमित शाह, जगत प्रकाश नड्डा, डॉक्टर एस० जयशंकर, निर्मला सीतारामन, नितिन गड़करी, धर्मेंद्र प्रधान, पीयूष गोयल, ज्योतिरादित्य सिंधिया और किरेन रिजिजू शामिल थे।

लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास गुट के प्रमुख चिराग पासवान ने भी प्रधानमंत्री से आवास पर मुलाकात की है। इससे पहले उन्होंने आज सुबह नई दिल्ली में राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री मोदी ने राष्ट्रीय समर स्मारक पर भी पुष्पांजलि अर्पित की। वह पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीट अटल बिहारी वाजपेयी के समाधिस्थल सदैव अटल गये और उन्हें भी श्रद्धासुमन अर्पित किया।

शपथ ग्रहण समारोह का आकाशवाणी से सीधा प्रसारण किया जाएगा। यह प्रसारण एफएम गोल्ड, इंद्रप्रस्थ आकाशवाणी लाइव न्यूज चौनल और यूट्यूब चौनल पर शाम पौने सात बजे से होगा। श्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष हिस्सा ले रहे हैं।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पेपर लीक अथवा सॉल्वर गैंग जैसी अराजक गतिविधियों को बिल्कुल स्वीकार नहीं किया जा सकता है । एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि ऐसे अपराध में संलिप्त हर अपराधी के खिलाफ ऐसी कठोरतम कार्रवाई की जाए, जो नजीर बने।

इससे पहले, मुख्यमंत्री ने कल लखनऊ में विभिन्न चयन आयोगों के अध्यक्षों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक में पेपर लीक या सॉल्वर गैंग जैसे अपराधों के लिए सख्त कानून बनाने की जरूरत पर बल दिया । बैठक के दौरान भर्ती परीक्षाओं के संचालन में सुधार के लिए कई कदम उठाते हुए सीएम योगी ने घोषणा की कि केवल सरकारी या वित्तपोषित शिक्षण संस्थान ही परीक्षा केंद्र के रूप में काम करेंगे, जिनके हर कमरे में अब सीसीटीवी कैमरे होंगे। परीक्षा केंद्र केवल शहरी क्षेत्रों में होंगे।

उन्होंने आयोगों से कहा कि वे भर्ती प्रक्रिया के प्रत्येक चरण के दौरान राज्य के शीर्ष अधिकारियों के साथ–साथ विशेष टास्क फोर्स के संपर्क में रहें। पूरी प्रक्रिया में व्यापक बदलाव की आवश्यकता पर बल देते हुए योगी आदित्यनाथ ने उनसे पेपर सेटिंग और भर्ती प्रक्रिया के अन्य चरणों के लिए अलग–अलग एजेंसियों का उपयोग करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों से विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर चयन प्रक्रिया में तेजी लाने तथा भर्ती प्रक्रिया की शुचिता बनाए रखने को भी कहा है।

****

इलाहाबाद केंद्रीय विश्विद्यालय ने इस साल नई शिक्षा नीति के तहत विभिन्न भाषाओं, संगीत और शेयर मार्केट समेत तेरह कौशल से जुड़े छोटे छोटे पाठ्यक्रमों की शुरूआत की है। विश्विद्यालय की कुलपति प्रोफेसर संगीता श्रीवास्तव ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इन पाठ्यक्रमों में विश्विद्यालय के बाहर के विद्यार्थी और महिलाएं भी प्रवेश ले सकती हैं। इनमें से प्रत्येक पाठ्यक्रम की अवधि नब्बे दिनों की होगी ।

****

महाराष्ट्र के पीडब्ल्यूडी मंत्री रविन्द्र चौहान ने आज सत्तर सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल के साथ अयोध्या पहुंच कर रामलला का दर्शन पूजन किया। उन्होंने अयोध्या में प्रस्तावित महाराष्ट्र भवन की जमीन के लिए स्थलीय निरीक्षण भी किया। संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने भवन की जमीन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताया।

****

प्रदेश में बीते चौबीस घंटों के दौरान हुई अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में नौ लोगों की मौत हो गयी और सात लोग घायल हो गये। घायलों का इलाज जारी है।

अमेठी जिले के मुंशीगंज थानाक्षेत्र के जामो भादर चौराहे पर आज एक तेज रफ्तार बोलेरो और बुलेट की टक्कर में अनियंत्रित होकर बोलेरो पेड़ से टकरा गयी। इस दुर्घटना में बुलेट सवार भाई, बहन और भांजे की मौत हो गयी। साथ ही बोलेरो सवार दो महिलाओं की भी मौके पर ही मौत हो गयी। इस हादसे में घायल बोलेरो सवार छः लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है । यह सभी लोग अन्तिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे।

उधर, बलरामपुर नगर के कोतवाली थानाक्षेत्र में बीती रात एक ट्रक ने बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार दिया, जिसमें दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी। यह लोग अपने रिश्तेदारी के किसी कार्यक्रम से लौट रहे थे कि पहलवारा के निकट ट्रक की चपेट में आ गये। सुल्तानपुर जिले के कोतवाली नगर क्षेत्र के सुल्तानपुर–बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक अनियंत्रित चारपहिया वाहन के टक्कर से बाइक सवार हेड कांस्टेबल और उनकी पत्नी की मौत हो गयी। दुर्घटना में घायल साइकिल सवार को इलाज के लिये राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

****